## महत्वपूर्ण एवं खास

### अज्ञात वाहन के रौंदने से बाइक चालक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के दीपका थानांतर्गत ग्राम सिरकीखुर्द निवासी बाइक चालक युवक को गत रात्रि पाली-दीपका मार्ग में अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मारकर रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाये जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिरकीखुर्द थाना दीपका निवासी विरेंद्र सिंह पोर्ते उम्र 22 पिता मिलन सिंह पोर्ते गत रात्रि दीपका में अपना काम निपटाकर अपनी बाइक से वापस घर ग्राम सिरकीखुर्द लौट रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद घायल को जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसकी मौत हो गई।

### सड़कों पर बने गड्ढों को पाटने का काम शुरू

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा हेलीपैड से लेकर कालीबाड़ी के सडको पर बने गड्ढों को पाटने का काम शुरू कर दिया है। कालीबाड़ी के निकट कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। यहां पर हुए एक दुर्घटना में श्रमिक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसी तरह श्रमिक नेता भागवत सिंह गढ़ढों के चलते मोटर साइकिल सहित नीचे गिर पड़े थे। उनका प्राथमिक उपचार कराने के बाद अपोलो रेफर किया गया था। श्रमिक नेता संजय सिंह का मानना है। सडको की दशा सुधारने के लिए उनका संगठन काफी गंभीर दिखाई दे रहा है। मानिकपुर कालोनी में सडक की दशा सुधारी जा रही है। यहां पर भी यूनियन के प्रतिनिधियों ने सडक की दशा सुधारने के लिए प्रयास किए थे। यूनियन प्रतिनिधि राजू श्रीवास्तव ,मोहन प्रधान, प्रमोद बनर्जी, का कहना है कि मुख्यमार्ग पर डामरी करण के लिए प्रयास किए जा रहे है।

### खून से लथपथ युवक की मिली लाश, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद (आरएनएस)।** जिले से सनसनी खेज मामला सामने आया है. एक युवक की बेरहमी से सिर कुचल कर हत्या कर दी गई है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला डौंडी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, डौंडी थाना क्षेत्र के अवारी गांव के केवट पारा में खून से लथपथ एक युवक की लाश मिली. ग्रामीणों ने जैसे ही युवक की लाश को देखा फौरन घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. शव को देखकर आशंका जताई जा रही है की युवक की हत्या भारी वस्तु से सिर कुचल कर की गई है. बताया जा रहा है कि मृतक भावसिंग गायकवाड़ पिता अकु राम 35 डौंडी थाना क्षेत्र के लिम्हाटोला गांव का रहने वाला था. मृतक का शव अवारी गांव के केवट पारा के निवासी फूल सिंग (बुजुर्ग) के घर के सामने मिला है. इस हत्या के मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और बुजुर्ग से पूछताछ भी कर रही है.

### ज्वेलर्स दुकान से नकदी सहित लाखों रुपए के सामान पार

**रायपुर (आरएनएस)।** मौदहापारा स्थित जयराम कॉम्पलेक्स के शॉप नंबर 40 के ज्वेलर्स दुकान से अज्ञात चोर ने नकदी 5 लाख सहित नकली जेवर व मोबाइल फोन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भावेश जैन 43 वर्ष शंकरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी का जयराम कॉम्पलेक्स में पदमावती ज्वेलर्स नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 9-10 नवम्बर के दरम्यानी रात प्रार्थी के दुकान का विंडो एसी का ग्रिल काटकर अंदर प्रवेश किया और गल्ला में रखे नकदी 5 लाख, नकली जेवर व मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 7 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# पुलिस कंट्रोल रूम में पैरामिलिट्री के अफसरों के साथ प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने ली बैठक : जिले में आए अर्धसैनिक बलों का गर्म जोशी से स्वागत

**❑ एसएसपी सदानंद कुमार ने कहा शांतिपूर्ण चुनाव कराकर अच्छी यादें लेकर जाए पैरामिलिट्री फोर्स**






**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में विधानसभा चुनाव कराने आयी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कंपनियों का थाना प्रभारीगण द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। अर्धसैनिक बलों को जिले की भौगोलिक स्थिति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति से वाकिफ कराने जिला पुलिस की ओर से एक संक्षिप्त स्वागत कार्यक्रम और बैठक का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया था। बैठक में जिले में चुनाव कराने आयी 27 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों अधिकारीगण, अपर कलेक्टर राजीव पांडे, तहसीलदार रायगढ़ लोमश मिरी तथा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी और थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

बैठक में पैरामिलिट्री फोर्सेस के अधिकारियों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार एवं अधिकारीगण द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पांडे द्वारा जिले की भौगोलिक स्थिति, मतदान केन्द्रों, ऑब्जर्वर, निर्वाचन अधिकारियों की जानकारी देकर चुनाव निष्पादन में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नंबर साझा किए गए।

एडिशनल एसपी संजय महादेवा ने जिले के कानून व्यवस्था से अवगत कराते हुए बताए कि रायगढ़ के चुनावी इतिहास में अब तक कराए गए किसी भी इलेक्शन में कोई बड़ी झगड़ा वारदात और लाइन ऑर्डर नहीं देखा गया है। रायगढ़ जिले के मतदाता प्रशासन और सुरक्षाबलों का चुनाव में सहयोग किया जाता है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने बताया कि जिले में उन्हें चुनाव कराने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर प्रशासन व पुलिस की तैयारियां पूर्ण है, रायगढ़ जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी अच्छी है। उन्होंने अधिकारियों को जानकारी दिया गया कि धरमजयगढ़ और लैलूंगा विधानसभा के कुछ क्षेत्रों में हाथियों का विचरण रहता है। हाथियों के विचारण की सूचना पर वनविभाग, हाथी रक्षा दल और जिला पुलिस के जवान ग्रामीणों को सूचना देकर हाथियों को गांव से दूर किया जाता है। उन्होंने बताया कि हाथियों को जब तक ना छेड़े वह नुकसान नहीं पहुंचता इसलिए ग्रामीण और सुरक्षाकर्मी हाथियों को ना छेड़े हाथी रक्षा दल उन्हें नियंत्रित कर उनसे दूर करेगा। उन्होंने पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारियों को बताया कि रायगढ़ के रहवासियों का व्यवहार शांतिपूर्ण और सहयोगात्मक है, फोर्स यहां शांतिपूर्ण चुनाव कराकर यहां से अच्छी यादें लेकर जायेंगे, ऐसी अपेक्षा है। उन्होंने फोर्स के अधिकारियों को उनके जवानों के ठहरने और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अधिकारियों से सीधे संपर्क करने कहा गया।

# दूसरे चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार मैदान में, 1.63 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का इस्तेमाल

**❑ विधानसभा चुनाव : 17 नवम्बर को दूसरे चरण में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगा मतदान**

**❑ बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 9 मतदान केंद्रों में सवेरे 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में 17 नवम्बर को 70 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इसके लिए सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों कामरभौदी, आमामोरा, ओढ़, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, साहबीनकछार और कोदोमाली में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों की तरह सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में मतदान वाले 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार मैदान में हैं। दूसरे चरण में राज्य के कुल एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी-बालोद, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं।

आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/ राज्य सरकार/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/ डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड का उपयोग कर सकते हैं।

## डेढ़ हजार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**कोरबा (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ की सरकारी मशीनरी को विधानसभा चुनाव संपन्न करने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां दी है. बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगाई गई है. देखने को मिल रहा है कि प्रशिक्षण से लेकर अन्य संबंधित कामकाज में कर्मचारी लापरवाही दिखा रहे हैं. जिला प्रशासन कोरबा ने ऐसे मामलों को लेकर डेढ़ हजार कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.

वर्ष 2018 में चुनी गई सरकार का 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के साथ विधानसभा का चुनाव कराया जा रहा है. भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा अधिसूचना जारी करने के बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है. इसके अंतर्गत अलग-अलग स्तर पर प्रशिक्षण से लेकर दूसरी गतिविधियों पर काम किया जा रहा है. प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मियों की ड्यूटी इन कार्यों में लगाई गई है और उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ काम करने के लिए कहा गया है. फिर भी अनेक मौके पर अलग-अलग कारण बताकर कर्मचारी काम करने से पीछा छुड़ा रहे हैं. ऐसी लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर एक्शन लिया जा रहा है. उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे ने बताया कि इस तरह के मामलों में प्रशासन ने डेढ़ हजार कर्मचारियों को नोटिस दिया है.




## नंदनवन पक्षी विहार में नर शुतुरमुर्ग व चूजे की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** नंदनवन पक्षी विहार में अफ्रीका के जंगलों में दौड़ने वाले शुतुरमुर्ग के जोड़े का कुनबा बढ़ा तो, लेकिन लगातार दो शुतुरमुर्ग की मौत होने से अब नंदनवन में फिर से संकट आ गया है।

नंदनवन पक्षी विभाग के अधिकारियों के अनुसार सितंबर में व्यस्क शुतुरमुर्ग अपने बाड़े में रोजाना की तरह एक स्थान पर बैठा था, जिसकी मौत देर रात हो गई है, जिसका पोस्टमार्टम कराया गया था, जिसमें डायरिया व संक्रमण से मौत का खुलासा हुआ. इसके अलावा एक बच्चा जन्मजात कमजोर था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई थी.

**रास नहीं आया नया बाड़ा-** शुतुरमुर्ग के जोड़े को नया बाड़ा रास नही आया, एक वर्ष में ही नर शुतुरमुर्ग की मौत हो गई है. जून 2022 में बड़े बाड़े में शिफ्ट किए गए शुतुरमुर्ग को पहले छोटे बाड़े में रखा गया था, पर हिरण को जंगल सफारी ले जाने के बाद शुतुरमुर्ग को उस बाड़े में शिफ्ट किया गया है. बाड़ा बड़ा होने से शुतुरमुर्ग आसानी से चारों तरफ दौड़ लगा रहा है. गर्मी से शुतुरमुर्ग के जोड़े को राहत दिलाने के लिए पानी का स्प्रिंकलर लगाया गया है।



**दो बच्चों में नर या मादा पता नहीं-** नर शुतुरमुर्ग की मौत के बाद अब कुनबा बढ़ेगा कि नहीं एक समस्या आ गई है, क्योंकि वर्तमान में एक व्यस्क मादा और दो छोटे बच्चे हैं. दोनों बच्चे नर हैं, या मादा इसकी जानकारी अभी पक्षी विहार के अधिकारी कर्मचारियों को नहीं है.

## गेवरा माइंस में फिर हुआ हादसा: आग की लपटों से घिरा 240 टन डम्पर

**कोरबा (आरएनएस)।** कोल इंडिया और विश्व में सबसे अव्वल दर्जे की कोयला खदान गेवरा में पिछली रात्रि हुए हादसे में एक उच्च क्षमता वाला डम्पर आग की लपटों से घिर गया। इसके काफी हिस्से को नुकसान पहुंचा। आंकलन है कि एसईसीएल को इसके चलते लंबी चपत लगी है। मूल्यांकन के बाद वास्तविक क्षति की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



जानकारी के अनुसार गेवरा खदान के ईस्ट सेक्शन आनंद वाटिका के पास कट पिलर कंपनी 240 टन डंपर क्रमांक 1127 जलकर खाक हो गया। घटना शुक्रवार को हुई। बताया गया कि डंपर पहले से ब्रेकडाउन था जिसे रामदेव देवांगन डंपर ऑपरेटर इसको चला रहे थे। डंपर के इंजन से अचानक धुंआ निकलने लगा और कुछ देर बाद उसमें आग लग गई। तत्काल इस बारे में माइंस रेस्क्यू और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई ताकि नियंत्रण किया जा सके। फायर पार्टी की पहुंचने के पहले डंपर पूरी तरह आग के चपेट में धूं-धूं कर जल रहा था। इससे पहले भी गेवरा माइंस में इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी है जिनमें 240 टन क्षमता की डंपर आग की भेंट चढ़े हैं और प्रबंधन के लिए सिरदर्द साबित हुए हैं। इस तरह की घटना के पीछे मुख्य रूप से तकनीकी कारण बताए जा रहे हैं और इसके साथ ही समय पर पर्याप्त रखरखाव व उचित कार्यवाही नहीं किये जाने को भी जिम्मेदार बताया जा रहा है। फिलहाल गेवरा में जो कुछ हुआ उसने सवाल तो खड़े कर ही दिए हैं।

याद रहे काफी समय पहले इसी परियोजना में बुलाए गए सैकड़ों डम्पर लंबे समय तक कामकाज का हिस्सा नहीं बन सके लेकिन इसके बावजूद संबंधित कंपनी को भुगतान करना पड़ा। कोलफील्ड्स में अलग-अलग तरह के मामलों की चर्चा समय-समय पर होती रही है और इससे जुड़ी पृष्ठभूमि को लेकर जांच की आंच ने भी अधिकारियों को परेशान किया है। देखना होगा कि आगजनी के मामलों को लेकर आगे क्या नतीजे आते हैं।

# दीपावली के बाद दिखेगा कोहरे का सितम, बढ़ जाएगी ठंड

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। इसको लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर से ठंडी हवाएं आनी शुरू हो गई है। इसके चलते अब आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा।

इससे ठंड और ज्यादा बढ़ेगी। हालांकि अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव से अब ठंडकता और ज्यादा बढ़ेगी।

हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के चलते आने वाले 3 दिनों तक तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। उसके बाद यानि 12 नवंबर दीपावली से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और ठंड भी बढ़ेगी। 9 नवंबर को उत्तर प्रदेश में डूमरबहार सबसे ठंडा रहा।



यहां न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर में न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। ठंडी हवाओं के चलते अब रात के साथ ही सुबह-सुबह भी ठंड बढ़ने लगी है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही पहाड़ी इलाके में भी ठंड का प्रभाव नजर आने लगा है।

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले 3 दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। हालांकि न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। आज छत्तीसगढ़ का मौसम शुष्क रहने की संभावना है। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले साल की अपेक्षा में इस वर्ष ज्यादा ठंड पडने की उम्मीद है। वहीं बढ़ते ठंड के चलते राजधानी में गर्म कपड़ों का स्टॉल भी लगना शुरू हो गया है। लुधियाना का ऊलन बाजार राजधानी रायपुर में भी सज चुका है। ग्राहकों को लुभाने के लिए विशेष छूट भी दी जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU